- आरआरसी–एनई (पीएचपी एंडई, सीपी–सीपीएचसी आदि) की प्रभागीय गतिविधियों की देखरेख करना और वरिष्ठ परामर्शदाताओं को उनके नेमी कार्यों में मार्गदर्शन करना।
- पूर्वोत्तर राज्यों को एनएचपी 2017 के अनुसार नीतिगत एवं कार्यक्रम संबंधी दिशानिर्देश देना।
- आवश्यकतानुसार बैठकों में प्रभाग का प्रतिनिधित्व करने, पैरवी करने, राज्य के फील्ड दौरों से साक्ष्य प्रस्तुत करने आदि के लिए केंद्रीय स्तर पर वरिष्ठ नीतिनिर्माताओं के साथ संपर्क स्थापित करना।
- केंद्रीय स्तर के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए एनएचएसआरसी के कार्यक्रम प्रभागों के साथ कार्य करना।
- नीति की जानकारी प्रदान करने के लिए विभिन्न राज्यों/जिलों के फील्ड समीक्षा दौरों के साक्ष्य एकत्र करना और विश्लेषण करना तथा उचित बदलावों की पैरवी करना।
- सुसंगत तकनीकी क्षेत्रों में नीति एवं कार्यक्रम के कार्यान्वयन में राज्य के तकनीकी समकक्षों का मार्गदर्शन करना। जन स्वास्थ्य संबंधी नीति बनाने और विकल्प चयन में राज्यों को सहायता प्रदान करने के लिए आवधिक फील्ड दौरे करना। कमियों को दूर करने की दिशा में हुई प्रगति के बारे में राज्य सरकारों से नियमित संपर्क करना।
- कार्यक्रमों और नीतियों में सुधार लाने के लिए कार्यान्वयन और संचालनात्मक अनुसंधान और मूल्यांकन करना।
- कार्यक्रम संबंधी विशिष्ट दिशानिर्देशों, नीतिगत जानकारियों के मसौदे तैयार करना और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए सुसंगत कार्यक्रमों की प्रशिक्षण सामग्री और दिशानिर्देश आदि तैयार करना।
- टीम के सदस्यों को प्रशिक्षित करना और सहयोग प्रदान करना, तथा व्यक्तिगत दायित्व निर्धारित करने, कार्यनिष्पादन मूल्यांकनों और टीम की बैठकों का संचालन करने से संबंधित कार्यों में सलाहकार/निदेशक एनईआरआरसी की सहायता करना।
- अन्य प्रमुख/वरिष्ठ सलाहकारों के साथ अन्य प्रभागों में कार्य करना और अन्तर–प्रभागीय गतिविधियों के लिए नोडल सदस्य के रूप में कार्य करना, तथा सौंपे गए कार्य को स्वयं/न्यूनतम पर्यवेक्षण के साथ संपन्न करने की योग्यता।
- सलाहकार/निदेशक एनईआरआरसी और कार्यकारी निदेशक, एनएचएसआरसी द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

कार्य–निष्पादन

समय से कार्य संपन्न करना एवं दायित्वों का निर्वहन करना तथा प्रत्येक महीने के अंत में निदेशक, एनईआरआरसी को नियमित रूप से रिपोर्ट करना।

शैक्षणिक योग्यताएं और अनुभव

- सामुदायिक चिकित्सा/जनस्वास्थ्य/स्वास्थ्य सेवा प्रबंध में स्नातकोत्तर योग्यता सहित चिकित्सा/दंत चिकित्सा/स्वास्थ्य विज्ञान में स्नातक उपाधि धारक।
- योग्यता उपरांत न्यूनतम 10 वर्षों का अनुभव, जिसमें से न्यूनतम 5 (पांच) वर्ष राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की सुसंगत सरकारी नीतियों, रणनीतियों, कार्य प्रणाली की जानकारी सहित जन स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण का सुसंगत अनुभव और/या स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रमों के कार्यान्वयन और सहयोग प्रदान करने संबंधी राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सोसाइटी की गतिविधियों का अनुभव हो, जन स्वास्थ्य प्रणाली में नेतृत्व पद एवं अनुसंधान के क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव वांछनीय होगा।

उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशन या सुसंगत कार्य अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों के मामले में औपचारिक शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।

रिपोर्टिंग जरूरतें:

प्रमुख परामर्शदाता, निदेशक, आरआरसी एनई को मासिक अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

कार्य स्थलः

प्रमुख परामर्शदाता का कार्य स्थल आरआरसी–एनई, गुवाहाटी में स्थित है।

संविदा की अवधिः प्रारंभमें, एक वर्ष की अवधि के लिए। पहले 3 महीने परिवीक्षा की अवधि होगी। संतोषजनक कार्यनिष्पादन पर, परामर्श पूरे एक वर्ष तक जारी रहेगा। किसी भी पक्ष द्वारा एक महीने की लिखित नोटिस देकर परामर्श को समाप्त किया जा सकता है।

परामर्शी शुल्क की सीमाः 1,30,000/– रु. से 1,70,000/– रु. तक।

**** योग्यता एवं अनुभव के आधार पर उपर्युक्त सीमा में शुल्क का निर्धारण किया जाएगा।***

प्रमुख परामर्शदाता, परामर्शी करार में स्पष्ट रूप से उल्लिखित भुगतान के अलावा किसी भी अन्य लाभ, भुगतान, सब्सिडी, मुआवजा या पेंशन के हकदार नहीं होंगे। प्रमुख परामर्शदाता को कराधान से छूट नहीं दी जाएगी और वे प्राप्त पारिश्रमिक पर मौजूदा नियमों के अनुसार लगाए गए किसी भी कर की प्रतिपूर्ति के हकदार नहीं होंगे।

आयु सीमाः अधिकतम 55वर्ष

नोटः

- डेटाबेस प्रबंध कार्यक्रम और एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट जैसे आमतौर पर प्रयोग किए जाने वाले पैकेजों और सुसंगत डेटा एवं दस्तावेजों को तलाशने हेतु वेबसर्फिंग की उच्चस्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में प्रवीणता।
- उत्कृष्ट संप्रेषण तथा प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक क्षमताएं, मूल रूप से टीम में कार्य करने वाला और बहु–अनुशासनात्मक टीम में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- बहु–अनुशासनात्मक टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार लाने के लिए युवा पेशेवरों को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने की क्षमता विकसित करने हेतु टीम गठित करने और उन्हें प्रशिक्षित करने का कौशल रखता हो।
- राष्ट्रीय/क्षेत्रीय/राज्य स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से संबंधित कार्यों और/या आरएमएनसीएच+ए कार्यक्रमों में कार्य अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता प्रदान की जाएगी।

- इस साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थियों को एनएचएसआरसी में समान दक्षता वाले और उपयुक्त स्तर के अन्य रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विचार किया जा सकता है।

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड की गई भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **01 अक्टूबर, 2020 तक** _____ पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में या प्रभावित करने की भावना से किसी अन्य माध्यम से प्रस्तुत किए गए आवेदन को अस्वीकार किया जा सकता है। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।